# पशुपालन विभाग ने लोन में चलाया टीकाकरण अभियान

नरवाना. लोन गांव में निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाती पशु पालन विभाग की टीम। फोटो-भास्कर

भास्कर न्यूज़ | नरवाना

सरकार द्वारा पशुपालन विभाग की ओर से पशुओं में जानलेवा बीमारी मुंह-खुर पका व गलघोंटू की रोकथाम के लिए 2 अक्टूबर से चलाए गए निशुल्क टीकाकरण अभियान के दौरान गुरुवार को विभाग की टीम लोन गांव में पहुंची और पशुओं को टीके लगाए गए।

इस मौके पर डॉ. गोदारा ने पशु पालकों को बताया कि इस मौसम में उनके पशु किन-किन बीमारियों बीमारी की चपेट में आने से बच जाएं और उन्हें आर्थिक नुकसान न हो सके।

उन्होंने बताया कि गलघोंटू एक भयंकर बीमारी है। इस रोग के होने पर पशु का गला सूज जाता है और पशु खाना-पीना छोड़ देता है। पशु कांपने लगता है। इस बीमारी में 70 प्रतिशत पशु तत्काल मर जाते हैं। कई बार तो गले के ज्यादा फूल जाने के कारण पशु सांस भी नहीं ले पाता और कुछ समय में ही पशु की मौत हो जाती है। इस मौके

से ग्रस्त हो सकते हैं और उसकी रोकथाम के लिए क्या उपाय हमें करने चाहिए, ताकि उनके पशु

पर पशु चिकित्सक डॉ. रामफल नैन , सहायक व विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।